महत्वपूर्ण एवं खास

लारा में लगाया गया स्वास्थ्य कैंप : उल्टी-दस्त का कोई भी केस दर्ज नहीं

रायगढ़। मौसम में अचानक बदलाव होने के कारण उल्टी, दस्त, डायरिया जैसे प्रकरण पाये जा रहे हैं ऐसे प्रकरण की शिकायत विकासखंड पुसौर के अंतर्गत ग्राम लारा में प्राप्त हुआ था। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश से विगत 03 सितम्बर 2024 से समुदायिक भवन लारा में उल्टी दस्त कैंप लगाया गया था। जिसमें 8 से 10 सितम्बर तक किसी प्रकार की उल्टी दस्त का केस दर्ज नहीं हुआ। 10 सितम्बर को सरपंच ग्राम पंचायत लारा की उपस्थिति में ग्राम लारा में उल्टी दस्त का कैंप बंद कराया। जिसमें ग्राम लारा में पुसौर के स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर सर्वे भ्रमण उपरांत किसी प्रकार का उल्टी दस्त केस की शिकायत नही पाया गया।

किडनी मरीजों का जिला चिकित्सालय में हो रहा नि:शुल्क डायलिसिस

रायगढ़। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम सह आयुष्मान भारत के तहत किडनी मरीजों का जिला चिकित्सालय रायगढ़ (के. जी.एच.)में नि:शुल्क डायलिसिस किया जा रहा है। जो मरीज किडनी रोग से पीड़ित है, जिनको डायलिसिस की जरूरत है। वे सभी मरीज किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपचार हेतु नि:शुल्क डायलिसिस करा सकते है। इसके लिए मरीज के पास राशन कार्ड होना अनिवार्य है। ऐसे मरीज जिनको इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी है तो वे सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक के दूरभाष नंबर 07762-222979 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह डॉ.पूजा अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी मोबा.नं.8109890205 तथा गोपाल प्रसाद पटेल, लैब टेक्निीशियन मोबा. नं.87703-36105 में संपर्क कर सकते है।

13 सितम्बर को कांटाहरदी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

अब 19 सितम्बर को होगा शिविर

रायगढ़। जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम-कांटाहरदी में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उक्त शिविर अब 19 सितम्बर 2024 को आयोजित होगी।

वेणुधर पटेल को बैसाखी और अशोक साह को मिला मोटरराइज्ड सायकल

सारंगढ़ बिलाईगढ़। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी से विगत सप्ताह बरमकेला ब्लॉक के वृद्ध वेणुधर पटेल और दिव्यांग अशोक साह ने मुलाकात कर बैसाखी और मोटराइज्ड सायकल की मांग किए थे। वित्त मंत्री चौधरी के निर्देश पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने कलेक्टोरेट परिसर में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ग्राम डभरा निवासी वेणुधर पटेल को बैसाखी और बड़े नावापारा के अशोक साह को मोटरराइज्ड सायकल प्रदान किया। इन सामग्रियों की वितरण हेतु उपलब्धता और उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी के द्वारा त्वरित रूप से किया गया।

शिवनाथ नदी में आई बाढ़ एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू में जुटी 17 लोगो को किया गया रेस्क्यू

दुर्ग (आरएनएस)। रविवार से हुई लगातार बारिश के बाद शिवनाथ नदी उफान पर है नदी में बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर दुकान क्षेत्र में स्थित गांव में एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू करने में जुटी है इसी क्रम में कंट्रोल रूम दुर्ग के सुचना के अनुसार थाना खैरागढ़ चौकी जालबांधा ग्राम धनगांव राहुद में दो परिवार के लगभग 17 लोगों की बाढ़ में फंसे होने की सूचना पर तत्काल दुर्ग जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह महोदय जी निर्देशन में एस.डी.आर.एफ की टीम को रवाना किया गया और घटनास्थल पहुंचकर कड़ी मशक्कत के साथ एसडीआरएफ के जवानों द्वारा 17 महिला/पुरुष/बच्चे भी शामिल हैं जिनका बचाव कार्य किया गया।

लक्ष्य बनाकर लगातार मेहनत आपकी सफलता का राह प्रशस्त करती है -वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

- जूट मिल हायर सेकेंडरी में हुई करियर काउंसलिंग
- कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को दी कैरियर काउंसिलिंग

रायगढ़

जो व्यक्ति जीवन में जितने कठिन परिस्थितियों से गुजरता है और संघर्ष करता है, वह उतना ही ऊंची सफलता प्राप्त करता है उक्त बातें आज वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने अपने जीवन के अनुभव को साझा करते हुए जूटमिल हायर सेकेंडरी स्कूल के सभाकक्ष में छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज स्थानीय जूट मिल हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में टिप्स दिये। उन्होंने अपने जीवन काल के दौरान शासकीय शाला से प्रारम्भ कर आईएएस बनने का सफर और संघर्ष कर सफलता पाने का अनुभव सुनाते हुए बच्चों को जीवन में हमेशा संघर्ष के लिए तैयार रहने और निरंतर प्रयास करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने रायगढ़ जिले के अंतर्गत वृहद नालंदा लाइब्रेरी की स्वीकृति प्रदान करने, नवीन प्रयास विद्यालय खोलने और अन्य प्रयासों की चर्चा बच्चों के साथ की। उन्होंने कक्षा आठवीं में पढऩे वाले सभी बच्चों को प्रयास विद्यार्थी के लिए चयन हेतु कोचिंग कक्षा देने के लिए सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव को निर्देश दिये। इसके साथ वित्त मंत्री चौधरी ने विद्यार्थियों के लिये दूसरे प्रतियोगी परीक्षाओं आईआई टी, नीट, क्लेट जैसे की तैयारी करने के लिए छात्रों को कोचिंग कक्षाएं संचालन करने निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने विराट कोहली के उदाहरण से बच्चों को लक्ष्य पर अडिग रहने और अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिये अपने प्रयास निरतंर जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम करने और विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शिका पुस्तिका प्रदान करने का आश्वासन दिया ताकि बच्चों को सही कैरियर के चुनाव कर सके। वित्त मंत्री चौधरी ने युवाओं के कैरियर मार्गदर्शन के लिये सुपर थर्टी के संचालक आनंद कुमार और मनोज कुमार नो बारहवीं फैल के ओरिजनल हीरो जो आई पी एस हैं को मार्गदर्शन देने के रायगढ़ आमंत्रित करने का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने आज सभी बच्चों को करियर मार्गदर्शिका पुस्तक नि:शुल्क वितरण किए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर के.व्ही राव, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार चौधरी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारिका प्रसाद पटेल के साथ संस्था के प्राचार्य संतोष चंद्रा के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

बच्चों के सवालों का वित्त मंत्री ने दिया जवाब

कार्यक्रम के दौरान शाला में अध्ययन करने वाले कुमारी याना महिलाने 12 वी जीवविज्ञान और कुमारी यशोदा यादव कक्षा 11 वी कॉमर्स ने कैरियर निर्माण के दौरान आने वाले परेशानियों और उनसे निपटने का सवाल किया तो वित्त मंत्री चौधरी ने बेहतर तरीके से समझा कर उन्हें संतुष्ट किया। वित्त मंत्री चौधरी ने बच्चों से भी सवाल किया उन्होंने आई आई एम के फूल फॉर्म पूछने पर कक्षा 11 वी के मोहम्मद अबू राशिद के द्वारा सही जवाब देने पर उसे 1000 देकर सम्मानित किया और सभी बच्चों को अपने कक्षा के विषयवस्तु के साथ समसामयिक घटनाओं का भी निरंतर अध्ययन करने की सलाह दिया।

पुलिस चौकी जोबी में की गई कोटवारों की बैठक और वृक्षारोपण का आयोजन

- बैठक में ग्राम सुरक्षा को मजबूत करने ग्राम कोटवारों को दिए गए अहम निर्देश
- चौकी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

रायगढ़

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में आज थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू और चौकी प्रभारी जोबी उप निरीक्षक आशिक रात्रे द्वारा जोबी क्षेत्र के ग्राम कोटवारों की पुलिस चौकी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने ग्राम कोटवारों को ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए :-

* ग्राम कोटवारों को गांव में होने वाली किसी भी आपराधिक गतिविधि, बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों के आने-जाने और अवैध शराब बिक्री या जुआ जैसी अवैध गतिविधियों पर नज़र रखने और तुरंत पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया गया।

* गांव में किसी भी प्रकार के विवाद या झगड़े की स्थिति में शांतिपूर्ण समाधान का प्रयास करने और स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया।

* कोटवारों से ग्रामीणों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और उन्हें सरकारी योजनाओं व सुरक्षा कार्यक्रमों की जानकारी देने का आग्रह किया गया।

* आपातकालीन परिस्थितियों जैसे आग, बाढ़ या किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में त्वरित कार्रवाई करने और पुलिस या अन्य आपातकालीन सेवाओं से तुरंत संपर्क करने की हिदायत दी गई।

* प्रशासन और पुलिस की नियमित बैठकों में भाग लेकर स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान के उपायों पर चर्चा करने को कहा गया।

थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू ने इस मौके पर ग्राम कोटवारों को उनकी जिम्मेदारियों की महत्ता बताई और कहा कि कोटवार पुलिस के साथ मिलकर गांव में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

वृक्षारोपण अभियान

बैठक के बाद पुलिसकर्मियों और ग्राम कोटवारों ने मिलकर पुलिस चौकी जोबी के परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर छायादार वृक्ष जैसे पीपल, बरगद और नीम के पौधे लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

प्लेसमेंट कैम्प 13 सितम्बर को

रायगढ़

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 13 सितम्बर 2024 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र में रिक्त 69 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।

रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.श्री रूपाणाधाम स्टील प्रा.लि.गेरवानी, रायगढ़ में में रिक्त पद डीसीई/बीओई बायलर ऑपरेटर (सीपीपी), डीईटी, जीईटी, शिफ्ट इंचार्ज पावर प्लांट (इलेक्ट्रिकल), शिफ्ट इंचार्ज डीआरआई (मेकेनिकल), डीआरआई (इलेक्ट्रिकल) एवं अनस्किल्ड स्टॉफ के पद शामिल है। इसी तरह मे.श्री बालाजी टाटा सर्विस स्टेशन उर्दना, रायगढ़ में मोटर ब्हेकल बॉडी बिल्डर, मैकेनिक (मोटर ब्हेकल), वेल्डर (गैस एंड इलेक्ट्रिक), मैकेनिक (डेन्टिग, पेटिंग एंड वेल्डिंग) पद रिक्त है। मे.बीएस स्पंज प्रा.लि.गेरवानी, रायगढ़ में असिस्टेंट इंजीनियर, ग्रेज्युट इंजीनियर, डिप्लोमा इंजीनियर, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मे.श्री इंडस्ट्रियल एजेंसी गद्दी चौक रायगढ़ में सीनियर परचेजर, सीनियर एकाउटेंट, मार्केटिंग, लॉजिस्टिक हेड, एचआर हेड तथा मे.क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि.केन्द्रीय विद्यालय के पास जिला, रायगढ़ में टी.के.एम. (ट्रेनी केन्द्र मैनेजर)के पद शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

अवैध महुआ शराब पर आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त की कार्यवाई

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा पुलिस चौकी जोबी के साथ मिल कर अवैध शराब के संदिग्धों पर कार्यवाही की गई है। अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर आबकारी वृत्त-खरसिया अन्तर्गत ग्राम-जोबी में कुल सात स्थानों पर एक साथ छापामार कार्यवाही की गई। मदिरा खरीदी की पुष्टि होने पर मनोज कुमार राठिया के अधिपत्य से एक सफेद रंग के जरिकेन में 7 लीटर, एक पीले रंग के जरिकेन में 2 लीटर एवं खरीद कर लाया गया 200 एम एल कुल 9.200 लीटर महुआ मदिरा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत गैर जमानतीय धारा में प्रकरण क़ायम कर जेल दाखिल की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक रागिनी नायक, जितेश नायक, आबकारी मुख्य आरक्षक मनोज तिवारी, राधे गोविन्द पाण्डेय, आबकारी आरक्षक रमन नेमी, तुलेश्वर राठौर, लोकेश नेताम, प्रवीण जंगड़े, लाल सिंह कँवर, कुलदीप ठाकुर, भेखराम पटेल और तेजराम साहू, वेदराम साहू उपस्थित रहे।

अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कोतवाली पुलिस की कार्यवाई : 50 पाव देशी, अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढिमरापुर बायपास रोड स्थित साहू होटल टपरी पर छापा मारा गया। यह कार्रवाई टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई। टीआई कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को सूचना मिली थी कि साहू होटल टपरी में अवैध रूप से देशी और अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी, जहां हिरालाल साहू नामक व्यक्ति अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपने कब्जे में शराब रखकर अवैध बिक्री करने की बात स्वीकार की।

बरामदगी और कार्रवाई: रेड के दौरान होटल के पास से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी गई कुल 9.180 बल्क लीटर शराब बरामद की गई, जिसमें 23 पाव देशी प्लेन मदिरा, 20 पाव देशी मसाला मदिरा और 08 पाव गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब शामिल हैं। बरामद शराब की कुल कीमत करीब रु.5310/- है। साथ ही मौके पर अवैध शराब की बिक्री से प्राप्त राशि रु.150/- को भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी हिरालाल साहू (उम्र 58 वर्ष), निवासी जगतपुर, रायगढ़ के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

शराब रेड टीम में शामिल : इस कार्रवाई में उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, सहायक उप निरीक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक जगन्नाथ साहू और प्रदीप कुमार मिंज ने अहम भूमिका निभाई। कोतवाली पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब के खिलाफ जारी अभियान का हिस्सा है और आगे भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी टीम सरिया ने 145 लीटर कच्ची महुआ शराब और 960 किलो लाहन किया जब्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर धर्मेश साहू एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में बुधवार को आबकारी वृत्त सरिया को सूचना मिली की ग्राम ख़ैरगढ़ी उड़ीसा बॉर्डर पर नाला किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है जिसे आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है। सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे वहा पर 3 बड़े चूल्हों पर कच्ची महुआ शराब बन रहा था।कच्ची महुआ शराब 145 लीटर तथा आसपास रखे बोरियो में भरा महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जिसकी कुल मात्रा लगभग 960 किलोग्राम है को जब्त किया गया।कच्ची महुआ शराब को कब्जा आबकारी लिया गया एवम विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क)(च)34(2) का , प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में स.जि.आब.अधि. आनंद वर्मा , वृत्त प्रभारी आब.उप. हाबिल खलखो,आबकारी आरक्षक गणेश धीरज,मोहनलाल चौहान, का उल्लेखनीय योगदान रहा।

कार्टून वॉच कार्टून फेस्टिवल-2024 में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री ने उल्लेखनीय योगदान के लिए कार्टूनिस्टों को किया सम्मानित

रायपुर। आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा आयोजित कार्टून फेस्टिवल-2024 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्टून फेस्टिवल-2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्टून एक ऐसी कला जिसके द्वारा बहुत थोड़ी जगह में पूरी बात को स्पष्टता के साथ मनोरंजक और व्यंगात्मक ढंग से व्यक्त किया जाता है। छोटा सा कार्टून बड़ी बात कहता है। कभी-कभी सम्पादकीय में जिस बात को आधे पेज में लिखा जाता है, उसे सिर्फ एक कार्टून के माध्यम से व्यक्त कर दिया जाता है।

मुख्यमंत्री साय ने कार्टून फेस्टिवल में इंदौर के कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी को कार्टून क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कार्टून फेस्टिवल में संत तुलसीदास जी के दोहों पर आधारित कार्टून पुस्तक 'तुलसी सुगन्ध' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस कार्टून फेस्टिवल में शामिल होना मेरे लिए बहुत आनन्द का विषय है। यह बहुत खुशी की बात है कि कार्टून वॉच परिवार लगातार 28 वर्षों से कार्टून के क्षेत्र में कार्य को कर रहा है। त्रयम्बक शर्मा कार्टून की पूरी मैगज़ीन निकाल रहे हैं, जो कि बहुत बड़ी बात है। इसके लिए मैं कार्टून वॉच परिवार को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि कार्टून वॉच मैगज़ीन के 28 साल की सतत यात्रा रही है। कार्टून एक ऐसा माध्यम जो समाज को आईना दिखाता है। कार्टून कभी गुदगुदाता है तो कभी ऐसी कड़वी दवाई की तरह होता है, जिसका परिणाम अच्छा होता है। कार्टूनिस्ट देश की परिस्थिति को कलम से अभिव्यक्त करता है। वह समाज को नई दिशा देता है। कार्टून और एनिमेशन समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करते हैं।

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कार्टूनिस्ट त्रयम्बक शर्मा ने कार्टून की विधा को जिंदा रखा है। वे कार्यक्रम के जरिये नई पीढ़ी तक कार्टून को पहुंचा रहे हैं।

इस मौके पर कार्टून विधा से जुड़े डॉ के सी पन्त और मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डॉ हिमांशु द्विवेदी, इस्माइल लहरी, कार्टून वॉच के सम्पादक त्रयम्बक शर्मा सहित कई कार्टूनिस्ट और साहित्य-कला क्षेत्र से गणमान्य-जन उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य लाभ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU